महिला समूह ग्रामीणों को कर रही जागरूक

चक्रधरपुर की पदमपुर गांव में ग्रामीणों को जागरूक करती महिला समूह की महिलाएं।

चक्रधरपुर : पदमपुर

कोरोना से बचाव के लिए कई सामाजिक संस्थाएं गांव में लोगों को जागरूक कर रही है। गांव में लॉकडाउन का पालन हो रहा है। ग्रामीण कोरोना वायरस से बचाव के लिए ज्यादा सजग दिख रहे हैं। चक्रधरपुर की पदमपुर गांव में इन दिनों प्रदान संस्था के सहयोग से महिला समूह की महिलाएं लोगों को कोराना वायरस से बचाव के तरीकों को बता रही है। इसके साथ ही गांव के असहाय लोगों के राहत सामग्री भी बांटे जाते हैं। गांव में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।